प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- केन्द्र सरकार ने अहमदाबाद विमान हादसे के कारणों की जांच के लिए उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित कीं
- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट आज नई दिल्ली में आयोजितं
- विश्व रक्तदाता दिवस आज–प्रदेशभर में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां
- राज्य में आज से प्रीमॉनसून बारिश का दौर शुरू होने की संभावना–भीषण गर्मी और लू के बीच कल दोपहर बाद कई स्थानों पर आंधी और बारिशं

00000

केन्द्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है, जो अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई–171 के दुर्घटना के कारणों की जांच करेगीं नागर विमानन मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह समिति मौजूदा मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने तथा निपटने के लिए जारी दिशा–निर्देशों की जांच करेगीं समिति, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश का सुझाव भी देगीं सरकार ने कहा है कि यह समिति विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही जांच से अलग होगी और ऐसी घटनाओं से निपटने लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर ध्यान देगीं इस बीच अहमदाबाद विमान हादसे की फोरेंसिक जांच जारी हैं विश्लेषण और आगे की तकनीकी जांच के बाद दुर्घटना के सटीक कारणें का पता चल सकेगां पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल से एक ब्लैक बॉक्स बरामद किया गया हैं जांचकर्ताओं ने दुर्घटनास्थल से डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर भी बरामद किया हैं इससे पहले, गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते ने घटनास्थल से एक डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर बरामद किया थां त्रासदी के बाद, आसपास के इलाके के कई स्थानीय निवासी लापता बताए गए हैं उन्हें खोजने के लिए अभियान अभी जारी हैं इंडियन मेडिकल एशोसिएशन के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष मेहुल शाह ने कहा है कि दुर्घटना में मेडिकल के चार विद्यार्थियों और एक डॉक्टर की पत्नी की मृत्यु हुई हैं इन विद्यार्थियों में राजस्थान के बाडमेर निवासी जयप्रकाश भी शामिल हैं

....

नागरिक विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद निवारक उपाय के रूप में जेनएक्स इंजन से लैस बोइंग के 787–8 और 787–9 ड्रीमलाइनर विमानों के अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण के लिए एयर इंडिया को निर्देश दिया हैं डीजीसीए ने दो सप्ताह के भीतर पावर एश्योरेंस जांच करने और बीते 15 दिनों में बार–बार आई तकनीकी खराबियों की समीक्षा के आधार पर रखरखाव कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिये हैं

0000

आयुष मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट का आयोजन करेगां यह सम्मेलन 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में आयोजित किया जा रहा हैं कार्यक्रम में एक हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगें इसमें विश्व के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों और स्वास्थ्य समुदायों के सहभागी भी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगें शिखर सम्मेलन में बहरीन, अमरीका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित चार से अधिक देशों के विशेषज्ञ भी भाग लेंगें सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दशक भर के प्रभाव के अध्ययन संबंधी रिपोर्ट– योग प्रभाव जारी की जाएगीं एक दशक में योग के प्रभाव पर एक ई–बुक और योग अनुसंधान के विज्ञान संबंधी विश्लेषण पर रिपोर्ट का अनावरण भी किया जाएगां इस बीच अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में भी कई योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है और लोगों में योग के प्रति अलख जगाई जा रही हैं पाली में जिलास्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम को लेकर कल जिला कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लीं

उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम लाखेडिया उद्यान में आयोजित किया जायेगा, जिसमें बडी संख्या में लोग भाग लेंगें वहीं हनुमानगढ में जगह–जगह शिविर लगाकर योगाभ्यास किया जा रहा हैं 16 जून को राज्य विधानसभा में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जायेगां

00000

उत्तर पश्चिम रेल्वे ने रेल कर्मचारियों की मानसिक सेहत को सुधारने के लिए मेंटल हैल्थ प्रोग्राम तैयार किया हैं इसके अंतर्गत आने वाले जोन के चारों मंडलों जोधपुर, जयपुर, अजमेर और बीकानेर में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और काउंसलर नियुक्त किये गये हैं जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रोग्राम के जरिये रेल कर्मचारियों के साथ–साथ उनके बच्चों की भी काउंसलिंग की जा रही हैं

.....

0000

आज विश्व रक्तदाता दिवस हैं रक्तदान के माध्यम से लोगों का जीवन बचाने के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल 14 जून को ये दिन मनाया जाता हैं इस अवसर पर प्रदेश में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं इसके अलावा जगह–जगह रक्तदान शिविर लगाये गये हैं पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि राजकीय बांगड अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा और रक्तदाताओं को सम्मानित किया जायेगां

.....

0000

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के बीच कल दोपहर बाद कई स्थानों पर मौसम में बदलाव आयां राज्य के विभिन्न भागों में तेज आंधी के साथ हल्की बरसात हुई बारां के ओगाड में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई इस दौरान बिजली गिरने से एक मकान की दीवार भी गिर गयीं छीपाबडोद में तेज रफ्तार हवाओं से पुराने पेड़ गिर गये और बिजली आपूर्ति बाधित रहीं भीलवाडा के शाहपुरा क्षेत्र में भी दोपहर बाद मौसम बदला और रात को बरसात हुईं कल करौली और हनुमानगढ़ में भी हल्की बारिश से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली हैं इस बीच बाडमेर, बालोतरा और पाली में सुबह से ही बादल छाये हुए हैं जैसलमेर में आज सुबह बारिश हुईं इससे गर्मी से मामूली राहत मिली हैं मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया है कि आज से प्रदेश में प्रीमॉनसून बारिश का दौर शुरू होने की संभावना हैं कोटा और उदयपुर संभाग से इसकी शुरूआत होगीं वहीं विभाग ने बाडमेर, सिरोही और जालोर जिलों में आस–पास के क्षेत्रों में कहीं–कहीं तेज हवा चलने और गरज के साथ हल्की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया हैं इस बीच बीते 24 घंटों में प्रदेश के ज्यादातर इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहें सबसे ज्यादा 49 दशमलव चार डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गयां पिछले 35 वर्षों में जून के महीने में यह सबसे अधिक तापमान हैं पहली जून 2018 में तापमान 49 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस थां

0000

फ्रंट लाइन ऑफ डिफेंस कहे जाने वाले सीमा सुरक्षा बल के जवान अब नई वर्दी में नजर आ रहे हैं ये ड्रेस दिखने में आकर्षक होने के साथ–साथ काफी सुविधाजनक भी हैं बीएसएफ नॉर्थ के डीआईजी योगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस युनिफोर्म को सीमा सुरक्षा बल ने खुद डिजाइन किया हैं

00000